THE COST AND WORKS ACCOUNTANTS (AMENDMENT) BILL, **2003**

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRIANANDRAO VITHOBAADSUL): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Cost and Works Accountants Act, 1959.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI ANANDRAO VITHOBAADSUL: Sir, I introduce the Bill.

THE COMPANY SECRETARIES (AMENDMENT) BILL, 2003

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE (SHRI ANANDRAO VITHOBAADSUL): Sir, I move for leave to introduce a Bill further to amend the Company Secretaries Act, 1980.

The question was put and the motion was adopted.

SHRI ANANDRAO VITHOBAADSUL: Sir, I introduce the Bill.

श्री सभापति: माननीय सदस्यगण, आज इस सत्र की कार्रवाई का अंतिम दिन है, आज कार्रवाई भी बहुत लंबी है। मैं माननीय सदस्यों से निवेदन करना चाहूंगा कि कार्य समाप्त होने तक इस सदन की कार्रवाई चले और आपसे यह भी रिक्वेस्ट करना चाहूंगा कि जब तक कार्य समाप्त न हो, उस समय तक आप यहीं रहें, यहां से जाएं नहीं। अगर आप अपना-अपना काम करके चले जाएं और हमें यहां बांध जाएं, यह आपके लिए उचित नहीं है। इसलिए मैं एक ही शर्त पर यह सब काम ले रहा हूँ कि आप लोग मुझे छोड़कर नहीं जाएंगे।

श्री लालू प्रसाद (**बिहार**):आपको हम लोग मुक्त करके जाएंगे।

श्री सभापति:क्या करके जाएंगे?

श्री लालू प्रसाद:आपको हम लोग बांधकर नहीं छोड़ जाएंगे, आपको हम रिलीज करके जाएंगे।

श्री सभापति:ठीक है, अच्छी बात है।

श्री पी.जी.नारायणन, अब आप कहिए, कावेरी के बारे में आपका क्या कहना है।मै कावेरी के बारे में इतना ही कहना चाहता हूँ कि इस पर बहुत बार बहुत बार चर्चा हो चुकी है। एक आध कोई ऐसा प्वाइंट हो,जो इन दिनों घटा हो और जिसके कारण आपको कोई प्रॉब्लम हो रही है, आप उसका रिफरेंस दे दीजिए।